Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding money invested in different Sahara Schemes-laid.

* m01

श्री अरूण साव (बिलासपुर): आपने मुझे नियम 377 के अधीन अत्यंत महत्वपूर्ण लोक महत्त्व का विषय उठाने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए धन्यवाद । मेरे लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला पेन्ड्रा मरवाही जिले सहित छत्तीसगढ़ और देश के लाखों लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा सहारा के विभिन्न योजनाओं में, बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह, रोजगार के विस्तार आदि के लिए जमा कराये थे, परंतु आज वे अपने पैसे को वापस प्राप्त करने के लिए दर-दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर हो रहे है । साथ ही साथ हजारों की संख्या में अभिकर्ता बेरोजगार हो गए हैं ।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इस विषय पर संज्ञान लेकर निवेशकों कि गाढ़ी कमाई का पैसा वापस दिलाने हेतु आवश्यक पहल करें, और विवाद का निपटारा कराकर हमारे अभिकर्ताओं के भविष्य की भी रक्षा करें ।